Need to control the spread of spurious liquor in Odisha and other parts of the country.-laid

श्री प्रदीप पुरोहित **(बारगढ़) :** मैं सरकार का ध्यान अवैध शराब के बढ़ते कारोबार की ओर आकर्षित करना चाहता हूं, जो विशेष रूप से ओडिशा और अन्य राज्यों के गांवों में तेजी से फैल रहा है । यह न केवल युवाओं को नशे की गिरफ्त में धकेल रहा है, बल्कि उनके परिवारों को भी गंभीर सामाजिक और आर्थिक संकट में डाल रहा है । 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे भी इसका शिकार हो रहे हैं, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है । इसलिए, मैं सरकार से अपील करता हूं कि वह इस मुद्दे को गंभीरता से ले और देशभर में शराब पर नियंत्रण हेतु आबकारी विभाग को केंद्र सरकार के अधीन लाया जाए, ताकि इस अवैध व्यापार को रोकने के लिए एक समान और सख्त नियम लागू किए जा सकें । साथ ही, मैं सरकार से यह विशेष मांग करता हूं कि जिन स्थानों से हमारे महान स्वतंत्रता सेनानी और महापुरुष जैसे भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आज़ाद आदि जुड़े हुए हैं, उन पवित्र स्थलों पर पूर्ण रूप से शराबबंदी लागू की जाए । यह उन महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता और समाज सुधार के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया ।